बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 29.06.2016 को राज्य के **RSETI** निदेशकों के साथ हुई बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः— संलग्न विवरणी के अनुसार।

कार्यवाही—

1. **बैठक के मुख्य उद्धेश्यः—** दीनदयाल अन्तयोदय योजना के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम (SEP) के अन्तर्गत RSETI की भुमिका एवं भविष्य की योजना।
2. **DAY-NULM के विभिन्न घटकों में स्वरोजगार की संभावनाएँ :—** DAY-NULM के विभिन्न घटकों यथाः सामाजिक जागरूकता एवं संस्थागत विकास, पथ विक्रेता तथा कौशल एवं सर्वद्धन योजना में स्वरोजगार की असीम संभावनाएँ है।
3. **RSETI निदेशकों का विचार एवं सुझावः—**
   - **प्रशिक्षण लागतः—** लाभार्थियों को दिये जाने वाले प्रशिक्षण पर हुए खर्च पर RSETI में कुछ भिन्नता की बातें सामने आयी। अतः राष्ट्रीय निदेशक बैंगलोर से इस सबंध में स्पष्ट करने के लिए अनुरोध करना उचित होगा।
   - **प्रशिक्षण की अवधिः—** प्रशिक्षण की अवधि कम से कम छः दिन निर्धारित है तथा प्रति बैच 30—35 लाभार्थी शामिल किये जाते है। विशेष परिस्थिति में एक साथ दो बैच चलाये जा सकते है।
   - **प्रशिक्षणोपरान्त लाभार्थियों का अनुश्रवणः—** RSETI निदेशकों ने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण के उपरान्त दो बर्ष तक प्रशिक्षुओ का अनुश्रवण किया जाता है। उनके स्वरोजगार तथा बैंक लिंकेज की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

   उक्त आलोक में PMC-NULM, RSETI का NRLM के तहत प्रशिक्षण से संबधित दस्तावेजों का अध्ययन करें एवं उस अनुरूप DAY-NULM के तहत मार्गदशिका शीघ्र ही तैयार कर निकायों को सूचित करें, जिससे सभी नगर निकायों में समान एवं सुचारू रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम अविलम्ब शुरू किया जा सके।
4. जीविका के तर्ज पर DAY-NULM प्रतिभागियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय निदेशक RSETI बैंगलोर को विभाग द्वारा पत्र निर्गत किया जाय। साथ ही पत्र में प्रति प्रशिक्षणार्थी पर होने वाले खर्च की भी बाते शामिल की जाय।
5. इस हेतु सभी संबंधित जिला पदा0 एवं SLBC संयोजक को पत्र निर्गत किया जाय।
6. प्रशिक्षण कार्य पर होने वाले खर्च का व्यय संबंधित नगर निकाय द्वारा किया जाएगा।
7. प्राथमिकता के आधार पर Street vendor को प्रशिक्षित कर उनके रोजगार को बढ़ावा दिया जाय। इस हेतु PMC-NULM, NASVI एवं RSETI Patna के सहयोग से प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करें।
8. CMMU कर्मी RSETI निदेशकों के साथ सम्पर्क स्थापित कर प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करें।
9. DAY-NULM योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले सभी आवेदक प्रशिक्षण के पात्र होगे।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

18/7/2016

(चैतन्य प्रसाद),
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांकः— PMC-NULM/001/SEP-Comm./2015-16/....... दिनांक..................

प्रतिलिपिः— अपर सचिव—सह—निदेशक, बूडा/उप निदेशक, बूडा/संयोजक बिहार राज्य स्तरीय बैकर्स समिति भारतीय स्टेट बैंक, पटना/सभी RSETI निदेशक, बिहार/टीम लीडर PMC-NULM को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/7/2016

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।